# लखनऊ की सूरत बदलेंगी 41 हजार करोड़ की नई परियोजनाएं

**रियल एस्टेट**

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** रियल एस्टेट की 40500 करोड़ की परियोजनाओं से आने वाले वर्षों में राजधानी की सूरत बदलने की तैयारी है। इनको धरातल पर उतारने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है। एलडीए जहां अपनी 5500 करोड़ की तीन परियोजनाओं को लांच करने की तैयारी में है। निजी बिल्डरों की 25000 करोड़ की 73 परियोजनाएं भी जमीन पर उतारी जाएंगी। आवास विकास परिषद भी राजधानी में 10 हजार करोड़ की परियोजनाओं पर काम करने जा रहा है।

एलडीए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में निजी बिल्डरों की 25 हजार करोड़ के निवेश की आधारशिला रखने जा रहा है। इसके लिए कुल 73 ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट्स आ रहे हैं। इनमें डेढ़ लाख लोगों को आवासीय सुविधा मिलेगी। अस्पताल, होटल व स्कूल, इंस्टीट्यूट आदि भी बनेंगे। इन परियोजनाओं में 10 हजार लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

**ढाई लाख को मिलेगा आवास:** एलडीए की मोहान रोड योजना 700 एकड़ में बिल्कुल तैयार है। इसको एजुकेशन सिटी के रूप में विकसित करने की तैयारी है। इस योजना में 10 हजार को रोजगार मिलेगा। 500 करोड़ इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च होंगे। सुल्तानपुर रोड पर भी 1300 एकड़ व 1500 एकड़ की दो अन्य

**55** सौ करोड़ रुपये की तीन परियोजनाएं एलडीए लांच करने की तैयारी में

**25** हजार करोड़ रुपये की निजी बिल्डरों की परियोजनाएं

योजनाएं भी एलडीए लाने जा रहा है। इनकी जमीन के अधिग्रहण तथा विकास पर प्राधिकरण 5000 करोड़ रुपये खर्च करेगा। सुल्तानपुर रोड योजना को एलडीए आईटी सिटी के रूप में विकसित करेगा। एलडीए की इन तीनों योजनाओं में करीब 2.50 लाख लोगों को आवास मिलेगा। 40 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

## आवास विकास देगा पांच लाख आवास

आवास विकास 10 हजार करोड़ की परियोजनाओं पर काम शुरू करने की तैयारी में है। सुल्तानपुर रोड, किसान पथ पर 5000 एकड़ में नई आवासीय योजनाएं लाने जा रहा है। 2000 एकड़ की परियोजना को बोर्ड से मंजूरी भी मिल गई है। इन योजनाओं में पांच लाख लोगों को आवास मिलेंगे। इन योजनाओं में 30 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

## आईटी क्षेत्र की बड़ी कम्पनियां आएंगी

आने वाले वर्षों में राजधानी में तमाम बड़े व्यावसायिक ग्रुप भी आएंगे। इसके लिए कम्पनियों ने प्राधिकरण से सम्पर्क साधा है। कई बड़े मॉल ग्रुप इन योजनाओं में जमीन मांग रहे हैं। प्राधिकरण की आईटी सिटी योजना में आईटी कम्पनियों को जगह मिलेगी। नया ट्रांसपोर्टनगर विकसित होगा। मुम्बई का टाटा ग्रुप भी यहां नया संस्थान बनाने के प्रयास में है।

## फ्लाईओवर व मार्गों का नेटवर्क विकसित होगा

प्लान के मुताबिक नई कॉलोनियों के विकास के साथ ही शहर में सड़कों का नया नेटवर्क खड़ा होगा। आवास विकास अपनी नयी आवासीय योजनाओं को शहर के प्रमुख मार्गो से जोड़ने के लिए फ्लाईओवर बनाएगा। कई नए मास्टर प्लान रोड बनाए जाएंगे। एलडीए मोहान रोड से आगरा एक्सप्रेस वे को जोड़ने के लिए एक नया मार्ग बनाएगा।

> एलडीए ने 5500 करोड़ की तीन परियोजनाएं लाने की तैयारी की है। निजी बिल्डरों की 25000 करोड़ की परियोजनाएं आ रही हैं। प्राधिकरण व निजी दोनों को मिलाकर आने वाले दिनों में राजधानी में लगभग चार लाख लोगों को आवास की सुविधा मिलेगी। –**डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी,** उपाध्यक्ष, एलडीए